स्थापना दिवस : 1 मई — शिक्षण दिवस – 1 नवम्बर

क्रमांक — मूल्य : 250=00

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय

रायपुर (छत्तीसगढ़)

स्थापना – 1964

www.prsu.ac.in

www.rsuniv-results.com

विश्वविद्यालय–अध्ययनशालाओं के लिए

विवरण – पत्रिका

2010 - 11

प्रकाशक
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छत्तीसगढ़) 492010

विश्वविद्यालय का कुल–चिन्ह

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुल–चिन्ह के मध्य भाग में रायपुर जिले में स्थित राजिम के विख्यात राजीवलोचन मंदिर का संपूर्ण शिखर है, जो छत्तीसगढ़ (प्राचीन दक्षिण कोसल) की वैभवपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर को द्योतित करता है।

उगता हुआ सूर्य वेदांती विचारधारा की प्रजापति–विद्या तथा संवत्सर–विद्या के उत्कृष्ट ज्ञान का प्रतीक है।

शिखर के दोनों ओर तरंगित रेखाओं का अंकन छत्तीसगढ की गंगा–महानदी (प्राचीन चित्रोत्पला) का प्रतीकात्मक चित्रण है।

शिखर के निम्नार्ध भाग में बाईं और दाईं ओर अर्धवृत्ताकार रूप में फैली हुई गेहूँ और धान की बालियाँ कृषि को छत्तीसगढवासियों के आर्थिक जीवन का आधार सिद्ध करती हैं तथा उनसे इस क्षेत्र की सभ्यता का ग्राम्य प्रकृति का होना प्रकट होता है।

ये सभी प्रतीक एक बड़े वृत्त से घिरे हुए हैं, जो भूमंडल का चिन्ह है। इस वृत्त में विश्वविद्यालय का नाम नागरी और रोमन वर्णों में लिखा हुआ है, जो बाईं से दाईं ओर बढ़ता हुआ केंद्रीय वृत्त को चारों ओर से घेरे हुए है।

बड़ा वृत्त पंखाकृति के कोनों वाले एक अर्धवृत्ताकार पादपीठ पर आधारित है। इस पादपीठ की अभिरचना हंस की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति है, जो भारतीय चिंतन में उत्कृष्ट ज्ञान के लिए प्रयुक्त होता है। इस पर विश्वविद्यालय की आदर्शोक्ति नागरी वर्णों में अभिलिखित है, जिसका चयन ऋग्वेद के अग्निसूक्त से किया गया है।

यह उक्ति है "अग्ने नय सुपथा राये," जिसका अनुवाद इस प्रकार है–

"हे अग्नि ! हमें अच्छे मार्ग से समृद्धि की ओर ले चलो।"

विषय सूची

क्र.	विवरण		पृष्ठ क्र.
1.	प्रवेश के नियम		7–12
2..	पाठ्यक्रम	(अ) सामान्य	13–18
		(ब) स्ववित्तीय	19–21
3.	शुल्क		23–27
4.	छात्रवृत्ति		28
5.	छात्रावास		29–31
6.	ग्रंथालय		32
7.	यू.जी.सी. कोचिंग योजना		33

परिशिष्ट

1. अध्ययनशालाओं के अध्यापकों एवं शोध–विशेषज्ञों की सूची 34–38
2. आवेदन–प्रपत्र आदि

रैगिंग

कानूनी अपराध है
और इसको रोकना
हमारा नैतिक
कर्तव्य है ।

ACADEMIC SCHEDULE
ANNUAL COURSES

शिक्षण सत्र 2010–11 में प्रवेश प्रारंभ होने की तिथि	–	16 जून, 2010 से
Date of admission for the Session 2010-11	–	From 16th June, 2010
वार्षिक परीक्षा 2011 के लिये आवेदन–पत्र भरने की तिथि	–	1 अक्टूबर, 2010 से 30 अक्टूबर, 2010
Submission date of Examination Form for Annual Examination 2011	–	1st October, 2010 to 30th October, 2010
विलम्ब शुल्क से भरने की अंतिम तिथि	–	15 नवम्बर, 2010
Last Date of submission of Examination Forms with Late Fee	–	15th November, 2010
वार्षिक परीक्षा के प्रारंभ होने की तिथि	–	मार्च 2011 के द्वितीय सप्ताह से
Starting of Annual Examination 2011	–	Second Week of March, 2011

SEMESTER COURSES

S.No.	Activity	Semester I/III/V/VII/IX	Semester II/IV/VI/VIII/X
		Date	Date
01.	Admission Process	June 16 to July 15	-
02.	Commencement of the Classes	July 16	January 1
03.	Meeting, Examination Committee	August 1-14	January 15-30
04.	Name of Practical Examiner (External) Should be sent to Heads of respective SOS	September 01-10	February 20-28
05.	Completion of Theory Courses	November 10	April 15
06.	Practical Examination P.G. / U.G.	November 12-22	April 18-30
07.	Preparation Leave	November 23-30	May 1-8
08.	Theory Examination	December 1-24	May 9-31
09.	Semester Break / Declaration of Results	December 25-31	June 1-15

1. प्रवेश के नियम

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय–अध्ययनशालाओं के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु नियम

प्रवेश संबंधित अध्ययनशाला–अध्यक्ष के द्वारा छात्रों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नलिखित दिशानिर्देश के अनुसार दिया जाएगा –

(अ) पात्रता

एम.ए. कक्षाओं के लिए किसी स्तानक उपाधि में तथा एम.एस.सी. कक्षाओं के लिए बी.एस.सी. उपाधि में कम से कम द्वितीय श्रेणी (10+2+3 योजनान्तर्गत) होनी चाहिए। पहले से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त छात्रों को स्थान रिक्त रहने पर ही प्रवेश देना संभव होगा। स्नातक स्तर प्रथम वर्ष में 22 वर्ष एवं स्नातकोत्तर स्तर प्रथम वर्ष में 27 वर्ष से अधिक आयु के आवेदकों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। आयु की गणना एक जुलाई की स्थिति में की जायेगी। परन्तु आयु सीमा के बन्धन में छात्राओं को 3 वर्ष की छूट रहेगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़े वर्ग/विकलांग विद्यार्थियों/महिला आवेदकों के लिए आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट रहेगी। एम.फिल., एम.टेक (आप्टो इलेक्ट्रानिक्स एवं लेजर टेक्नालॉजी) तथा शोध उपाधि पाठ्यक्रमों के लिए आयु सीमा नहीं होगी।

किसी स्नातकोत्तर परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जो छात्र विश्वविद्यालयीन परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने के कारण दंडित किए गए हों, उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिन छात्रों के विरूद्ध गंभीर आपराधिक या अनैतिकता–संबंधी प्रकरण अथवा परीक्षा–अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पुलिस विभाग या न्यायालय में लंबित हो, या जिन छात्रों ने परीक्षा में किसी प्रकार का व्यवधान उपस्थित किया हो, उन्हें तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जब तक वे उस कक्षा को पास नहीं कर लेते।

पात्रता हेतु अपनी समस्त पूर्ववर्ती परीक्षाओं की अंकसूची की अभिप्रमाणित स्वच्छ फोटो–प्रतियां एवं उपाधि–प्रमाण–पत्र, अस्थायी (Provisional) प्रमाण–पत्र की भी फोटो प्रतियां मूल प्रमाण–पत्रों के साथ जमा करनी होगी जिसमें सेकेण्डरी तथा हायर सेकेण्डरी की अंकसूचियों की फोटो प्रति संलग्न करना आवश्यक है। उक्त आवश्यक कागजात प्राप्त होने पर ही पात्रता हेतु निर्धारित फीस जमा करना आवश्यक होगा। छत्तीसगढ़ के बाहर स्थित विश्वविद्यालय/बोर्ड से परीक्षा उत्तीर्ण करके इस विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों/छात्राओं को विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करके संबंधित अध्ययनशालाओं में प्रवेश के पूर्व जमा करना होगा।

विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु :

(1) एकीकृत स्नातक विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अधिकतम आयु सीमा सामान्य वर्ग के आवेदकों के लिए 20 वर्ष एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों हेतु 22 वर्ष होगी।

(2) त्रिवर्षीय स्नातक विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अधिकतम आयु सीमा सामान्य वर्ग के आवेदकों के लिए 30 वर्ष एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के लिए 35 वर्ष होगी।

(आ) आरक्षण

15% स्थान पात्रता–प्राप्त अजा के छात्रों के लिए, 18% स्थान प्राप्त अजजा के छात्रों के लिए, तथा 14% स्थान प्राप्त अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए तथा 3% स्थान विकलांगों के लिए आरक्षित रहेंगे। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 3% स्थान स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित रहेंगे। इन वर्गों के छात्र न मिलने पर रिक्त स्थान अन्य सुपात्र छात्रों को दे दिए जाएंगे। इन सभी वर्गों में उपलब्ध स्थानों में से 30% स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। आरक्षित स्थानों हेतु आवेदन–पत्र देते समय समक्ष अधिकारी का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(इ) चयन–आधार

छात्र–छात्राओं का चयन निम्नानुसार होगा –

(i) इस विश्वविद्यालय के प्रथम श्रेणी वाले छात्र–छात्राएं

(ii) छत्तीसगढ़ के अन्य विश्वविद्यालय के प्रथम श्रेणी के छात्र–छात्राएं

(iii) छत्तीसगढ़ के बाहर के विश्वविद्यालय के प्रथम श्रेणी के छात्र–छात्राएं

(iv) प्रथम श्रेणी के लिए जो क्रम से अन्य गुणानुक्रम

क. स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश केवल प्रावीण्य के आधार पर दिया जाएगा। प्रावीण्य सैद्धांतिक पेपरों में कुल अंको के अनुक्रमानुसार निर्धारित होगा।

ख. स्नातक कक्षा प्रथम श्रेणी में पास सभी विद्यार्थी स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश की पात्रता रखते हैं, परंतु सीट की उपलब्धता के आधार पर उनके मध्य परस्पर प्रावीण्य उनकी पात्रता के लिए आवश्यक परीक्षाओं के सैद्धांतिक पेपरों में प्राप्त कुल अंकों के अनुक्रमानुसार निर्धारित होगी।

ग. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश की पात्रता प्रावीण्य के गुणानुक्रम के आधार पर होगी। उनके मध्य परस्पर प्रावीण्य उनके द्वारा उस विषय के सैद्धांतिक पेपरों के कुल प्राप्तांकों के अनुक्रमानुसार निर्धारित होगा, जिस विषय की स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश लेना चाहते हैं।

टिप्पणी : यदि कोई विद्यार्थी ऐसे विषय की स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश लेना चाहता है, जिसे उसने स्नातक परीक्षा के लिए नहीं चुना था, तो ऐसे विद्यार्थी को प्रवेश तभी दिया जाएगा, जब उपर्युक्तानुसार पात्रता रखने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रवेश देने के बाद स्थान रिक्त रह जाता है।

घ. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे – एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.टेक. इन ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स लेजर टेक्नॉ.,बी.फार्मा.,एम. फार्मा., बी.एड. में प्रवेश राज्य शासन/संबंधित विषय की केंन्द्रीय परिषद् / नियामक संस्थान एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार दिया जाएगा।

ड. उपर्युक्तानुसार प्रावीण्य निर्धारित करते हुए अजा/अजजा/अन्य पिछड़े वर्ग के विद्यार्थी के लिए सैद्धांतिक पेपरों के कुल प्राप्तांक के प्रतिशत में 5 प्रतिशत तक की शिथिलता दी जाएगी।

च. स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए 2006 के पश्चात् स्नातक परीक्षा में पर्यावरण अध्ययन में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(ई) अधिभार

गुणानुक्रम निर्धारित करते समय अधिभार का आशय प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर अधिभार से है। यह अधिभार निम्नानुसार दिया जाएगा, किन्तु एक से अधिक प्रकार का अधिभार नहीं दिया जाएगा।

1.	एन.सी.सी.	
	स्नातक स्तर पर “A” सर्टिफिकेट के आधार पर	2%
	स्नातकोत्तर स्तर पर “B” सर्टिफिकेट के आधार पर	2%
	अथवा	
2.	राज्यस्तरीय संचालनालयीन एन.सी.सी. प्रतियोगिताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को	3%
3.	नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस के परेड में एन.सी.सी./एन.एस.एस. में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को	5%

(4)	एन.एस.एस. में 240 घंटों के प्रमाणित कार्य–अनुभव के आधार पर	3%
(5)	शासकीय महाविद्यालयों में ऑनर्स विषय पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण छात्र को स्नातकोत्तर कक्षाओं में उसी विषय में प्रवेश लेने पर	10%
(6)	पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, एवं कर्मचारियों के पुत्र, पुत्री, पति, पत्नी को	5%
(7)	विकलांगों के प्रवेश के लिए गुणानक्रम	10%

(उ) विशेष प्रोत्साहन

1. जिसने ओलम्पियाड / एशियाड / स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय अथवा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल–प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, उसे बगैर गुणानुक्रम के आगामी शिक्षा–सत्र में उस कक्षा में प्रवेश दिया जाए, जिसकी उसे पात्रता हो। परंतु इस प्रकार की सुविधा को पुनः प्राप्त करने के लिए उसे उपर्युक्त उपलब्धि पुनः आवश्यक होगी।
2. भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ (ए.आई.यू) के द्वारा, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय तथा लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित खेलकूद प्रतियोगिता, एवं केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित अंतर–आंचलिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को नियमानुसार इसके द्वारा अंतरिम परीक्षा प्राप्तांकों का निम्नलिखित अधिभार दिया जाएगा–

(क)	गोल्ड मेडल / प्रथन स्थान प्राप्त करने वालों को	20%
(ख)	रजत मेडल / द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को	15%
(ग)	ब्राउंज मेडल / तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को	12%
(घ)	केवल भाग लेने वाले को	10%

अंकों का अधिभार केवल एक आइटम के लिए देय होगा। प्राप्तांकों का अधिभार केवल उन्हीं खिलाड़ियों को देय होगा, जो महाविद्यालय द्वारा समय–समय पर पुनरीक्षित किए जा सकते है।

<u>**टीप :**</u> शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला में प्रवेश के लिए उपर्युक्त अधिभार लागू नहीं होंगे। इसमें अधिभार–गणना विभागीय नियमानुसार होगी।

(उ) प्रवेश हेतु आवेदन

(1) अध्ययनशाला में प्रवेश प्राप्त करने के लिए आवेदन–पत्र विवरण–पत्रिका के अंत में संलग्न निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। जो छात्र / छात्रा विश्वविद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड करके आवेदन–पत्र भरेंगे, उन्हें आवेदन–पत्र के साथ 250.00 रू. का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना होगा, जो कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के नाम देय होगा, अन्यथा उस आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन–पत्र स्पष्ट एवं सुबोध अक्षरों में समस्त आवश्यक सूचनाओं सहित, छात्र / छात्रा द्वारा स्वतः पूरित करके एवं उसके

माता / पिता / अभिभावक / स्थानीय अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित होकर संबंधित अध्ययनशाला के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में जमा करना होगा।

(2) विश्वविद्यालय–अध्ययनशालाओं में आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2010 होगी। अध्ययनशाला के अध्यक्ष द्वारा प्रवेश देने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2010 होगी। कुलपति की अनुमति से प्रवेश की अंतिम तिथि 14–08–2010 होगी। शोध–छात्रों के प्रवेश के लिए अंतिम तिथि का बंधन नहीं होगा।

(3) आवेदन–पत्र के साथ निम्नांकित मूल प्रलेखों को संलग्न करके प्रेषित करना आवश्यक है :–
जिस विश्वविद्यालय अध्ययनशाला / विभाग / महाविद्यालय में छात्र / छात्रा ने अंतिम नियमित अध्ययन किया हो, उससे प्राप्त स्थानांतरण–प्रमाण–पत्र (Transfer Certificate) प्रवेश–शुल्क जमा करने के लिए संलग्न करना अनिवार्य है। इसके लिए किसी प्रकार की वचनबद्धता स्वीकार नहीं की जाएगी। अपूर्ण आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(4) जो छात्र गत शैक्षणिक सत्र से इस विश्वविद्यालय में किसी अध्ययनशाला में अध्ययनरत है, उनके लिए अंतर–अध्ययनशाला–स्थानांतरण–प्रमाण–पत्र की आवश्यकता होगी। सभी उत्तीर्ण परीक्षाओं में प्राप्त अंक–सूचियों की प्रमाणित सत्यप्रतियाँ संलग्न की जाएँ। सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक (जहाँ लागू हो) दोनों के प्राप्तांक दिखाया जाना आवश्यक है। यदि विद्यार्थी ने अमहाविद्यालयीन या भूतपूर्व छात्र के रूप में पिछली परीक्षा उत्तीर्ण की है, तो उसे किसी प्राचार्य / शासकीय राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त सदाचार प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(5) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालय से अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश–तिथि से एक माह के अंदर प्रव्रजन–प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) प्रस्तुत करना होगा।

(6) किसी संस्था या कार्यालय में सेवारत विद्यार्थी को अपने नियोजनकर्ता (Employer) का यह अनुमति–पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उसके द्वारा अध्ययनशाला में प्रवेश लेने एवं अध्ययन करने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

(7) **साक्षात्कार :** प्रवेशेच्छुक छात्रों / छात्राओं को स्वयं के व्यय पर साक्षात्कार हेतु (यदि बुलाया गया हो, तब) संबंधित अध्ययनशाला–अध्यक्ष के समक्ष नियत तिथि को नियत समय पर उपस्थित होना पड़ेगा।

(8) **कुल स्थान :** अध्ययनशाला में सीमित स्थान है एवं प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तों की पूर्ति के आधार पर ही दिया जाता है।

(9) **विविध :** अध्ययनशाला–अध्यक्ष को यह अधिकार है कि वे बिना कारण बताए किसी भी विद्यार्थी के प्रवेश के लिए मना कर दें। इस विषय में कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार किसी भी व्यक्ति को नहीं होगा।

(10) विद्यार्थी को प्रवेश की सूचना व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जाएगी। प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों की सूची संबंधित अध्ययनशाला के सूचना–पटल पर लगा दी जाएगी। प्रवेशेच्छुक विद्यार्थियों को स्वयं इसकी जानकारी प्राप्त करनी होगी। इस सूचना में दी गई तिथि तक विश्वविद्यालय–कार्यालय में शुल्क जमा न करने पर प्रवेश की अनुमति निरस्त कर दी जाएगी।

(11) आवेदन–पत्र में उल्लिखित जानकारी बिल्कुल सत्य होनी चाहिए। यदि कोई जानकारी विद्यार्थी द्वारा छिपाई

जाएगी या असत्य प्रस्तुत की जाएगी, तो विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार उसे अध्ययनशाला से अलग भी किया जा सकेगा।

(12) विवरण–पत्रिका में दिए गए किसी भी नियमोपनियम में परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय को है और इस दशा में विज्ञप्ति प्रसारित सभी आदेश और निर्देश विद्यार्थियों पर समान रूप से लागू होंगे।

विशेष

(1) अध्ययनशालाओं की अन्य कक्षाओं में प्रवेश हेतु भी इन्हीं नियमों का आवश्यकतानुसार अनुसरण किया जा सकता है। एम. फिल. (शारीरिक शिक्षा को छोड़कर) कक्षा में (40%) स्थान सेवारत महाविद्यालयीन/विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए सुरक्षित रहेंगे।

(2) स्नातकोत्तर कक्षा के नियमित या अमहाविद्यालयीन दोनों वर्गों के छात्र–छात्राएँ किसी भी अन्य पाठ्यक्रम में न तो प्रवेश ले सकेंगे और न ही परीक्षा दे सकेंगे। यह प्रावधान डिप्लोमा इन लैंग्वेजेज एवं सर्टिफिकेट कोर्स इन ट्रांसलेशन के साथ लागू नहीं होगा। पी.जी.डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन के साथ किन्हीं अन्य पाठ्यक्रमों में न तो प्रवेश लेने और न ही परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी। जो छात्र/छात्रा तथ्य को छिपाकर प्रवेश लेगा/लेगी, उसे दंडित करके उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।

(ए) नामसूची से नाम–निरस्तीकरण

विद्यार्थियों का नाम नामसूची से निम्नलिखित कारणों से काट दिया जाएगा–

(क) विद्यार्थियों का आचरण अध्ययनशाला में अच्छा न होने पर,

(ख) अध्ययन में उसकी प्रगति संतोषप्रद न होने पर,

(ग) यदि कुलपति उसका नाम काटा जाना उचित समझते हों।

(ऐ) उपस्थिति

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए नियमानुसार विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में कम से कम 75% उपस्थिति प्राप्त करनी होगी। जिन विषयों में प्रायोगिक कार्य हैं, उनमें सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कार्य में अलग–अलग 75% उपस्थिति होनी चाहिए।

(ओ) ब्लड–ग्रुप : विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में प्रवेश के पूर्व छात्र–छात्राओं को ब्लड ग्रुप की जानकारी देना अनिवार्य है।

(औ) विषय–परिवर्तन

यदि कोई विद्यार्थी किसी अध्ययनशाला से अन्य अध्ययनशाला या अन्य विषय में परिवर्तन चाहता हो, तो उसे संबंधित अध्ययनशाला–प्रमुख से लिखित अनुमति प्राप्त करके पूर्व अध्ययनशाला (पुराने विभाग) से अंतरविभागीय स्थानांतरण–प्रमाण–पत्र लेकर वांछित अध्ययनशाला में जमा करना होगा और ऐसा परिवर्तन 14 अगस्त के बाद नहीं किया जाएगा।

(क) निवास

विश्वविद्यालय–अध्ययनशाला में प्रविष्ट विद्यार्थी के लिए (अ) माता, पिता, स्थानीय अभिभावक के साथ (आ) विश्वविद्यालय–छात्रावास (इ) मान्यता प्राप्त छात्रावास या (ई) विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत निवास–स्थान में रहना आवश्यक है।

इस संबंध में विद्यार्थी को अपने स्थानीय निवास–स्थान की एवं ऐसे किसी परिवर्तन की सूचना अपनी अध्ययनशाला के कार्यालय को तीन दिनों के भीतर प्रेषित करना आवश्यक है।

(ख) अन्य जानकारियाँ

(1) **सत्रः** शैक्षणिक सत्र एवं प्रवेश 15–06–2010 से आरंभ होगा।

(2) **अध्यापन एवं परीक्षा का माध्यम**

अध्यापन एवं परीक्षा का माध्यम हिन्दी/अँग्रेजी होगा।

(3) **परिचय–पत्र**

विश्वविद्यालय–अध्ययनशालाओं के प्रत्येक विद्यार्थी को अपना परिचय–पत्र रखना आवश्यक है। प्रत्येक सभा–सम्मेलन अथवा अध्ययनशाला–कार्यक्रम और कार्य–व्यापार के समय यह पत्र विद्यार्थी के पास होना चाहिए। यह पत्र अध्ययनशाला–प्रमुख से प्राप्त होगा तथा सभी विद्यार्थियों का परिचय–पत्र प्रॉक्टर द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

(4) **पाठ्येतर शिक्षण एवं कार्यक्रम**

विद्यार्थी के सर्वतोमुखी विकास के लिए विश्वविद्यालय–अध्ययनशालाओं में कतिपय पाठ्येतर शिक्षण एवं अन्य कार्यक्रमों का प्रबंध है।

(5) **विश्वविद्यालय–अध्ययनशालाओं में अध्यापन**

विश्वविद्यालय–अध्ययनशालाओं में कार्य–अवधि सामान्यतः प्रातः 10.30 से 5.30 बजे तक रहेगी। विशेष परिस्थिति में कुलपति की अनुमति से अध्ययनशाला विशेष की कार्य–अवधि में परिवर्तन हो सकता है। निश्चित कार्य–समय की सूचना संबंधित अध्ययनशाला–अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी, जिसकी जानकारी विद्यार्थी को स्वयं लेनी चाहिए।

(6) **एन.एस.एस.**

विश्वविद्यालय–अध्ययनशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की इकाई भी कार्यरत है। इसके अंतर्गत 75 छात्र–छात्राओं का चयन किया जाएगा। जिन छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दो वर्ष की अवधि में 240 घंटे का सेवा कार्य पूर्ण कर लिया है और विश्वविद्यालय ने जिन्हें इस हेतु निर्दिष्ट प्रमाण–पत्र जारी कर दिया है, उन्हें प्राप्तांक के सहयोग के तीन प्रतिशत अंकों का लाभ देकर प्रवेश लेने हेतु उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी।

(7) **स्वास्थ्य–विभाग**

अध्ययनशाला के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय–परिसर में स्थित स्वास्थ्य–केन्द्र में निःशुल्क चिकित्सा–सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न शोधपीठ

1. पं. सुंदरलाल शर्मा शोधपीठ

वर्ष 1981 से यह शोधपीठ कार्यरत है। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ी साहित्य एवं ग्रामीण समाज के बारे में अध्ययन एवं अन्वेषण किया जाता रहा है तथा शोधपीठ के माध्यम से पं. शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को सामने लाया गया। यह मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का सबसे पुराना शोधपीठ है।

2. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शोधपीठ

वर्ष 1995 से स्थापित स्व. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शोधपीठ के माध्यम से बख्शी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के साथ ही हिन्दी साहित्य के विकास में छत्तीसगढ़ अंचल की भूमिका को भी रेखांकित किया जा रहा है।

3. पं. लखनलाल मिश्र (शोध) सृजनपीठ

पं. लखनलाल मिश्र (शोध) सृजनपीठ की स्थापना वर्ष 2005 में की गई है। यह सृजनपीठ देश में अपने आप में एक प्रथम प्रकार का है, जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर उनके व्यक्तित्व एव कृतित्व पर कार्य कर रहा है। उनके संस्मरण तथा साक्षात्कार को कैसेट लायब्रेरी के अंतर्गत रखा जाएगा। उनसे संबंधित मूल दस्तावेज एवं पत्रों को अभिलेखागार कक्ष में सुरक्षित रखा जावेगा। इस पीठ के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ वरन् पूरे देश के राष्ट्रीय आंदोलन एवं सामाजिक राजनैतिक चिंतन पर अन्वेषणात्मक कार्य किए जाएंगे।

इस सृजनपीठ के माध्यम से शोध–पत्रिका का प्रकाशन भी होना है। यहाँ के समृद्ध ग्रंथागार में शोध छात्र–छात्राओं के लिए उपयोगी पुस्तकें रखी हुई हैं, जिससे उन्हें मार्गदर्शन मिलता है। छत्तीसगढ़ राज्य में सामाजिक विज्ञान एवं कला विषयों के दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण अन्वेषणात्मक केन्द्र है।

3. शुल्क

(क) प्रयोगशाला–शुल्क प्रवेश के आधार पर देय

01.	सभी छात्रों के लिए	–	रु. 250 /– वार्षिक
02.	प्रयोगशाला शुल्क	–	रु. 150 /– वार्षिक
	(Diploma in PMIR & PGC)		
03.	प्रयोगशाााला–शुल्क एम.पी.एड. व बी.पी.एड.	–	रु. 300 /– वार्षिक
04.	प्रयोगशाला–शुल्क बी.लिब. आई.एस–सी.	–	रु. 500 /– प्रति सत्र
05.	प्रयोगशाला–शुल्क एम.लिब. आई.एस–सी.	–	रु. 500 /– प्रति सेमेस्टर
06.	कर्मशाला विकास शुल्क		
(अ)	बी.लिब. आई.एस–सी.	–	रु. 1000 /– प्रति सत्र
(ब)	एम.लिब. आई. एस–सी	–	रु. 1000 /– प्रति सेमेस्टर
(स)	एम.फिल. ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान	–	रु. 2000 /– प्रति सत्र

(ख) प्रवेश के अवसर पर देय अन्य शुल्क

01.	आप्रवासन–शुल्क **(Immigration Fee)** (छत्तीसगढ़ से बाहर के वि.वि. से आए हुए विद्यार्थियों के लिए)	–	रु. 200 /–
02.	वि.वि. नामांकन–शुल्क **(Enrolment Fee)** (यदि नामांकन न हो)	–	रु. 50 /–
03.	प्रवेश शुल्क **(Admission Fee)**	–	रु.100 /–
04	ग्रंथालय सुरक्षा निधि **(Library Caution Money)**	–	रु. 500 /– *
05.	ग्रंथालय वार्षिक शुल्क **(Library Annual Fee)**	–	रु. 100 /–
06.	सम्मिलित निधि **(Amalagamated Fund)**	–	रु. 60 /–
07.	विश्वविद्यालय प्रशासन शुल्क	–	रु. 50 /–
08.	शारीरिक कल्याण खेल समिति–शुल्क **(Physical Welfare Fee/Sports Commitee Fee)**	–	रु. 120 /–
09.	विद्यार्थी सहायता कोष	–	रु. 10 /–
10.	विश्वविद्यालय स्थायी निधि अंशदान	–	रु. 20 /–
11.	परिचय–पत्र–शुल्क **(Identity Card-Fee)**	–	रु. 20 /– *
12.	वार्षिक पत्रिका–शुल्क **(Annual Magazine Fee)**	–	रु. 30 /–

* दो या तीन वर्षों के पाठ्यक्रमों में ये शुल्क एक बार ही प्रारंभ में लिए जाएंगे।

13.	प्रयोगशाला सुरक्षा–निधि **(Laboratory Caution Money)** (जिन विषयों में प्रायोगिक परीक्षा होती है)	–	रु. 300 /–
14.	व्यायामशाला शुल्क **(Gymnasium Fee)** (केवल बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन के लिए)	–	रु. 150 /–
15.	मानवविज्ञान एवं जैविकी अध्ययनशाला के सभी पाठ्यक्रमों के लिए		
	(अ) कम्प्यूटर अध्ययन विकास शुल्क	–	रु. 500 /–
	(ब) विभागीय ग्रंथालय विकास शुल्क (केवल जैविकी–अध्ययनशाला के लिए)	–	रु. 200 /–
16.	शैक्षणिक भ्रमण–शुल्क **(Excursion)**/अनिवार्य क्षेत्र–कार्य अध्ययन–यात्रा शुल्क की जो राशि छात्रों द्वारा जमा की जाएगी, वही राशि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। (भूगोल/भूविज्ञान/मानवविज्ञान अध्ययनशाला पर यह लागू नहीं होगा।) टीप :– शैक्षणिक भ्रमण शुल्क उन अध्ययनशालाओं के लिए है, जिनके पाठ्यक्रम में अध्ययन–यात्रा का प्रावधान है। यदि वह यात्रा सत्र में संपन्न नहीं हो सकी, शुल्क प्रत्यावर्तित होगा।	–	रु. 400 /–
17.	स्थानांतरण प्रमाण–पत्र शुल्क	–	रु. 25 /–
18.	(A) P.G. Diploma in PGC में Intership के लिए शुल्क	–	रु. 1500/–
	(B) P.G. Diploma in PMIR में Internship के लिए शुल्क	–	रु. 2000/– प्रतिवर्ष
18	(A & B) दोनों शुल्क मनोविज्ञान अध्ययनशाला को इंटर्नशिप प्रोग्राम संचालन हेतु देय		
19.	ग्रंथालय विकास शुल्क	–	रु. 100 /–
20.	छात्र कल्याण शुल्क	–	रु. 25 /–
21.	एम.पी.एड. के छात्रों के लिए		
	(क) प्रयोगशाला सुरक्षा–निधि	–	रु. 300 /–
	(ख) व्यायामशाला–शुल्क	–	रु. 50 /–
	(ग) कम्प्यूटर अध्ययन/विकास–शुल्क	–	रु. 200 /–
22.	छात्र–संघ शुल्क	–	रु. 50 /–
23.	इलेक्ट्रॉनिक अध्ययनशाला के सभी पाठ्यक्रमों के लिए		
	(अ) कम्प्यूटर अध्ययन विकास–शुल्क	–	रु. 500 /– प्रतिवर्ष
	(ब) विभागीय ग्रंथालय विकास–शुल्क	–	रु. 300 /– प्रतिवर्ष
24.	ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान के सभी पाठ्यक्रमों के लिए जिरॉक्स शुल्क	–	रु. 500 /– प्रतिवर्ष

(ग) शुल्क–संबंधी अन्य जानकारियाँ

1. डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के छात्रों को केवल अध्ययन–शुल्क, अप्रवासन–शुल्क, विश्वविद्यालय नामांकन–शुल्क, प्रवेश–शुल्क, ग्रंथालय वार्षिक शुल्क देय होंगे। उक्त छात्र नैमित्तिक छात्र माने जाएंगे, जिन्हें नियमित छात्रों को उपलब्ध छात्राधिकार एवं सुविधाएं (ग्रंथालय–सुविधाओं को छोड़कर) प्राप्त नहीं होंगी।
2. शुल्क व अन्य राशि, जो विश्वविद्यालय'कार्यालय में किसी विद्यार्थी द्वारा जमा की जाए, उसकी रसीद नियमानुसार प्राप्त कर लेनी चाहिए तथा उसे प्रमाण स्वरूप संभालकर रखना चाहिए, अन्यथा उसका दायित्व विद्यार्थी पर होगा। प्रवेशार्थी से शुल्क आदि उसी दशा में स्वीकार्य होगा, जब उसे संबंधित अध्ययनशाला–अध्यक्ष द्वारा प्रवेश की अनुमति प्रदान कर दी जाएगी। सुरक्षा–निधि वापस लेते समय संबंधित राशि की रसीद कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी, जिससे विदित हो सके कि आवेदक ने उक्त राशि वापस नहीं ली है।
3. विद्यार्थी जिस तिथि को शुल्क जमा करेगा, उसी तिथि को अध्ययनशाला–पंजी में उसका नाम दर्ज होगा। विश्वविद्यालय परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निर्धारित शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा। शुल्क तथा अन्य राशियों में परिवर्धन और परिवर्तन करने का अधिकार विश्वविद्यालय को है एवं जब भी जो निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा लागू किया जाएगा, प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य रूप से मान्य होगा तथा वह सत्र के प्रारंभ से अथवा जिस दिन से घोषित किया जाएगा, तब से समझा जाएगा। विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र की तिथि अथवा इस प्रकार की कोई भी आपत्ति इस दिशा में स्वीकार्य नहीं होगी।
4. विश्वविद्यालय कार्यालय में सामान्यतः शुल्क शनिवार को छोड़कर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक तथा शनिवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिया जाता है।
5. अध्ययन–शुल्क आदि प्रत्येक मास की प्रथम तिथि अथवा सेमेस्टर के प्रारंभ में ही देय हो जाता है, जो उस मास की अंतिम तिथि तक देना आवश्यक है। तब तक अपना शुल्क जमा नहीं करने पर विद्यार्थी को 10.00 मासिक अर्थदंड देना होगा। अंतिम तिथि को कार्यालय अथवा अध्ययनशाला में अवकाश होने पर शुल्क अगले कार्य दिवस को बिना अर्थदण्ड के दिया जा सकेगा। लगातार दो माह तक शुल्क जमा न करने पर छात्र का प्रवेश निरस्त माना जाएगा। पुनः प्रवेश के लिए अवशिष्ट अध्ययन शुल्क और अर्थदंड के साथ फिर से 100.00 रु. प्रवेश शुल्क देना होगा।
6. ग्रंथालय की पुस्तकें निर्धारित अवधि तक नहीं लौटाने पर प्रति पुस्तक 00.50 पैसे प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगेगा।
7. अर्थदंड की माफ़ी के संबंध में आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।
8. सुरक्षा–निधि की वापसी की मांग करते समय राशि जमा करने की मूल रसीद आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा शुल्क वापस न होगा।

(घ) ग्रंथालय–सुरक्षा निधि का प्रत्यार्वतन

(Refund of Library Caution Money)

विद्यार्थी को सत्र के मध्य अथवा सत्रांत में किसी कारण विश्वविद्यालय–अध्ययनशाला–सुरक्षा निधि की वापसी के लिए ग्रंथालय, विभाग–कार्यालय एवं छात्रावास के कार्यालय (छात्रावासी होने पर) से अशेष प्रमाण पत्र प्राप्त करके तथा अपने आवेदन पत्र के साथ उन अशेष प्रमाण–पत्रों को मूल में संलग्न करके संबंधित अध्ययनशाला अध्यक्ष द्वारा कुलसचिव कार्यालय को अग्रेषित करवाना चाहिए। अध्ययनशाला का कार्यालय ही उस आवेदन पत्र को अपनी टिप्पणी के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय को अग्रेषित करेगा। सुरक्षा–निधि की वापसी का कार्य केवल ग्रीष्मावकाश में सम्पन्न होगा। कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात् उसकी सूचना दे दी जाएगी। इसलिए विद्यार्थियों को ध्यान रहे कि वे इस संबंध में स्मरण–पत्र आदि प्रेषित न करें। प्रत्येक छात्र/छात्रा को अपनी प्रत्यर्पणीय राशि वापस लेने के लिए अध्ययनशाला छोड़ने के एक वर्ष के भीतर तक आवेदन कर देना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उक्त राशि अदेय समझी जाएगी।

(ङ) प्रयोगशाला सुरक्षा–निधि का प्रत्यावर्तन

संबंधित अध्ययनशाला–अध्यक्ष से अवशेष प्रमाण–पत्र प्राप्त करके कुलसचिव को आवेदन करने से निधि वापस मिल सकती है। उपकरणों और यंत्रों को तोड़ने पर विद्यार्थियों को अर्थदंड देना होगा, जो अध्ययनशाला–अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जाएगा और वह राशि इस निधि से काट ली जाएगी। अन्य नियम वही हैं, जो (ड) में हैं।

(च) विषय–परिवर्तन शुल्क

विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में अंतरविभागीय विषय–परिवर्तन हेतु

(1) स्थानांतरण शुल्क 50.00 रू.

(2) प्रवेश शुल्क 50.00 रू.

(छ) शुल्क–मुक्ति

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं उन पर आश्रित उनके पुत्र–पुत्री, पति–पत्नी को सामान्य पाठ्यक्रम से अध्ययन शुल्क मुक्त शिक्षा की सुविधा है।

नोटः स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत चलने वाले पाठ्यक्रमों में वि.वि. के शिक्षक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पुत्र–पुत्रियों, पत्नी को छूट की सुविधा नहीं होगी।

(ज) छात्रावास के लिए राशि निम्नानुसार जमा करनी होगी

1.	प्रवेश–शुल्क एवं परिचय पत्र	–	रू. 50/– प्रत्येक सत्र
2.	छात्रावास–सुरक्षा–निधि	–	रू. 250/– प्रत्येक सत्र
3.	सम्मिलित निधि	–	रू. 60/– प्रत्येक सत्र
4.	सीट का किराया :–		

एक सीट वाला कमरा	–	रू. 200 / – प्रतिमाह
दो सीट वाला कमरा	–	रू. 150 / – प्रतिछात्र / छात्रा प्रतिमाह
शोध छात्रावास	–	रू. 150 / – प्रतिछात्र / छात्रा प्रतिमाह

(HRA प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं एवं शोध छात्र / छात्राओं को HRA के बराबर किराया देना होगा)

5.	छात्रावास विकास शुल्क	–	रू. 500 / – प्रति सत्र
	बगीचा तथा खेलकूद (मनोरंजन–स्थल की व्यवस्था हेतु) यह राशि छात्रावास में जमा की जाएगी तथा छात्रों / छात्राओं की सहमति से उक्त छात्रावास में ही व्यय की जाएगी।	–	रू. 200 / – प्रति सत्र
6.	विद्युत एवं जल–आपूर्ति शुल्क	–	रू. 100 / – प्रति माह प्रति छात्र / छात्रा
7.	व्यक्तिगत कूलर की अनुमति पर विद्युत शुल्क	–	रू. 100 / – प्रति माह प्रति छात्र / छात्रा

प्रवेश के बाद छात्रावास संबंधी देय राशि को निर्धारित माह की अंतिम तिथि तक देना होगा। लगातार दो माह तक किराया न जमा करने पर छात्र / छात्राओं को छात्रावास से निष्कासित कर दिया जाएगा। पुनः प्रवेश लेने पर अवशिष्ट किराया और अर्थदंड के साथ 25.00 रू. प्रवेश शुल्क अलग से देना होगा। समस्या–मूलक छात्रों से कुलपति के आदेशानुसार बढ़ा हुआ दण्डात्मक किराया वसूल किया जाएगा। छात्रावास के अधिनायकों (प्रीफेक्टों) को सीट का किराया देय नहीं होगा। यह सुविधा उन्हें केवल एक सत्र के लिए प्राप्त हो सकेगी। अन्य शुल्क अन्य छात्रों के समान देना होगा।

छात्रावास–सुरक्षा–निधि के प्रत्यावर्तन के लिए छात्रावासी को संरक्षक / संरक्षिका के माध्यम से आवेदन करना चाहिए। अल्प अवधि के लिए स्थान चाहने वाले अतिथि छात्रों को सीट उपलब्ध रहने पर 50.00 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क लेकर प्रवेश दिया जा सकता है।

4. छात्रवृत्ति

छात्रवृत्ति–संबंधी सुविधाएँ

छत्तीसगढ़ एवं केन्द्रीय शासन द्वारा स्वीकृत छात्रवृत्तियों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय–अध्ययनशाला में योग्य एवं निर्धन विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क एवं अर्धशुल्क शिक्षा की सुविधा का प्रबंध है। इसके अतिरिक्त यदि दो या अधिक भाई–बहन अध्ययनशाला के शुल्क प्रदाता एवं नियमित विद्यार्थी है, तो उनमें सबसे बड़े को संपूर्ण शुल्क देना होगा। शेष को अर्धशुल्क देना होगा। इस सुविधा के लिए विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपना प्रार्थना–पत्र किसी राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित करा के आवश्यक प्रमाण–पत्रों सहित कार्यालय में प्रस्तुत कर दें।

शोध–छात्रवृत्तियाँ एवं एम.फिल. छात्रवृत्तियाँ

(केन्द्र व छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की सूचना अध्ययनशाला के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।)

पी–एच.डी. के लिए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के द्वारा रू. 2000/– प्रतिमाह की अनेक छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ शासन की ओर से आई.सी.एस.आर. की एवं पोस्ट डॉक्टरल पी–एच.डी. के शोध–कार्य के लिए छात्रवृत्तियाँ यू.जी.सी., सी.एस.आई.आर., आई.सी.एच.आर.डी.ओ., एटॉमिक एनर्जी तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इत्यादि के माध्यम से प्रत्याशियों को संबंधित अध्ययनशाला प्रमुख से जून से अगस्त तक संपर्क साधना होगा। शोध–छात्रवृत्ति का भुगतान अनुदान प्राप्त हो जाने पर ही किया जाएगा। एम. फिल. में विश्वविद्यालय की ओर से रू. 500/– प्रतिमाह की कुल छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। प्रत्येक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की समय सीमा का ध्यान अनिवार्यतः रखा जाना चाहिए, अन्यथा आवेदन अमान्य होगा।

******

5. छात्रावास

(अ) विश्वविद्यालय के पुरूष एवं महिला छात्रावासों में केवल विश्वविद्यालय–अध्ययनशालाओं के छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। डिप्लोमा के छात्र/छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश की पात्रता नहीं है। कोई भी छात्रा लिखित पूर्वानुमित के बाद ही केवल अपने निकट महिला संबंधी को अधिक से अधिक एक दिन तक अपने अतिथि के रूप में ठहरा सकेगी। पुरूष छात्रावास में किसी अतिथि को ठहराना वर्जित है।

(आ) छात्रावास में प्रवेश करने के लिए निर्धारित प्रपत्र भरकर संबंधित छात्रावास के संरक्षक/संरक्षिका के नाम आवेदन करना चाहिए। प्रवेश एक ही शैक्षणिक सत्र के लिए दिया जाता है। अतः प्रत्येक सत्रारंभ में सभी छात्रावासियों (शोधार्थी सहित) को नवीन आवेदन करना होगा। छात्रावास में रहकर पाठ्यक्रम पूर्वार्ध पूर्ण कर चुकने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। अनुशासनहीन एवं समस्यामूलक छात्र–छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अनुसूचित जनजाति के छात्रों/छात्राओं के लिए 18% और अनुसूचित जाति के छात्रों/छात्राओं के लिए 15% तथा पिछड़े वर्ग के छात्रों/छात्राओं के लिए 14% स्थान सुरक्षित रखे जाएँगे। प्रवेश की अंतिम तिथि तक ऐसे स्थान रिक्त रहने पर अन्य को दिए जा सकेंगे।

